# कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in


पत्र संख्या- 261/2025 **प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ** दिनांक- 06.07.2026

## साइबर ठगी का पैसा अपने खाते मे मंगाने वाला शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार

## थाना – साइबर क्राइम, जनपद आज़मगढ़,

डॉ0 अनिल कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आज़मगढ़ के निर्देशन मे तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री चिराग जैन व अपर पुलिस अधीक्षक यातायात श्री पंकज श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम श्रीमती आस्था जायसवाल के मार्गदर्शन मे थाना साइबर क्राइम आजमगढ़ की टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई |

### घटना व गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण

प्रतिबिम्ब पोर्टल से प्राप्त संदिग्ध एटीएम विड्राल **ATM ID- S1ANYX57 (HDFC Bank)** व शिकायत संख्या 30205260007771 की जांच के क्रम में प्रकाश मे आये खाता सं0- 20580100029346, IFSC- BARB0TENDUV के खाताधारक अमित मौर्या पुत्र रामसकल मौर्या निवासी समडीह आलापुर थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकर नगर को विस्तृत पुछताछ हेतु दि0 5.7.2026 को थाना स्थानीय बुलाया गया था। पूछताछ से पता चला कि अभियुक्त अमित मौर्या अपने अन्य साथी सौरभ पाण्डेय, आदिश दुबे व अभय के साथ साइबर अपराध मे लिप्त है । अभियुक्त अमित मौर्या अपने उपरोक्त खाते का एटीएम, पासबुक आदि डिटेल अपने साथी सौरभ पाण्डेय को दे दिया है । अभियुक्त के साथियों द्वारा साइबर फ्राड कारित कर अभियुक्त के खाता सं0- 20580100029346 के माध्यम से निकासी करते थे । जिसका कमीशन अभियुक्त अमित मौर्या को प्राप्त होता था । तमामी पुछताछ, खातों का स्टेटमेन्ट आदि विश्लेषण से अभियुक्त अमित मौर्या अपने साथियों के साथ साइबर अपराध मे संलिप्त पाया गया । जिसके आधार पर अभियुक्त को थाना स्थानीय पर ही समय करीब 22.15 बजे गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के पास से एक अदद मोबाइल फोन व नगद 2060 रू की धनराशि बरामद हुई तथा अभियुक्त के बैंक खाता सं0- 20580100029346 पर विभिन्न राज्यों से कुल 02 NCRP शिकायतें दर्ज पाई गईं। इस संबंध में थाना पर मु0अ0सं 28/26 धारा 318(4), 319(2), 317(2) बीएनएस एवं 66C,66D आईटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### अपराध का तरीका (Modus Operandi)

अभियुक्त अमित मौर्या द्वारा अपने उपरोक्त खातों का एटीएम, पासबुक आदि डिटेल अपने साथी सौरभ पाण्डेय को दे दिया है । अभियुक्त के साथियों द्वारा साइबर फ्राड कारित कर अभियुक्त के खाता सं0- 20580100029346 के माध्यम से निकासी करते थे । जिसका कमीशन अभियुक्त अमित मौर्या को प्राप्त होता था । इस प्रकार योजनाबद्ध

तरीके से अभियुक्त अमित मौर्या उपरोक्त अपने अन्य साथियों के साथ साइबर फ्रॉड को अंजाम देकर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित किया जाता था।

**गिरफ्तार अभियुक्त के नाम**

1. अमित मौर्या पुत्र रामसकल मौर्या निवासी समडीह आलापुर थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकर नगर

**वांछित अभियुक्त के नाम**

1. सौरभ पाण्डेय निवासी रामनगर थाना जहांगीर जनपद अम्बेडकर नगर,
2.आदिश दुबे पुत्र व पता अज्ञात,
3.अभय पुत्र व पता अज्ञात

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त**

अभियुक्त अमित मौर्या का कोई आपराधिक इतिहास प्रकाश मे नही आया है लेकिन अभियुक्त के खाता सं0- 20580100029346, IFSC- BARB0TENDUV पर कुल 2 राज्यों से शिकायत दर्ज है | जो क्रमशः 30205260007771 आन्ध्रप्रदेश से व 31909250162073 महाराष्ट्र से दर्ज है।

**बरामदगी**

कार्यवाही में निम्न माल बरामद हुआ–
01 अदद मोबाइल फोन (Android )
2060 रूपये नगद

**कार्यवाही में सम्मिलित पुलिस टीम**

प्र0नि0 राजकुमार सिंह
म0नि0 विभा पाण्डेय
उ0नि0 रजत सिंह
क0आ0 आलोक कुमार
हे0का0 कल्लू प्रसाद
का0 रामाश्रय यादव
का0 महिपाल यादव, साइबर थाना जनपद आजमगढ़।